प्रेस नोट

जनपद संकबीरनगर

दिनाँक 12.02.2026

थाना बखिरा पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री संदीप कुमार मीना*** द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सुशील कुमार सिंह*** के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल ***श्री सर्वदवन सिंह*** के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना बखिरा *श्री सतीश कुमार सिंह* के नेतृत्व में थाना बखिरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 53/2026 धारा 191(2),105 बीएनएस में वांछित अभियुक्त नाम पता विजय प्रताप सिंह पुत्र स्व0 रामनरेश सिंह निवासी बढ़या बाबू थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर को आज दिनाँक 12.02.2026 को अभियुक्त के घर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

विदित हो कि वादी द्वारा दिनाँक 10.02.2026 को उपरोक्त अभियुक्त पर वादी के पुत्र को मार कर गम्भीर रुप से घायल कर देने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। वादी के पुत्र विशाल की दिनाँक 09.02.2026 को ईलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी। उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना बखिरा पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए घटना में सम्मिलित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

विजय प्रताप सिंह पुत्र स्व0 रामनरेश सिंह निवासी बढ़या बाबू थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण-

प्रभारी निरीक्षक थाना बखिरा श्री सतीश कुमार सिंह, उ0नि0 श्री राजीव कुमार सिंह, हे0का0 अजय कुमार सिंह, का0 अमित यादव।

दबिश के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर *संदीप कुमार मीना* के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा वारण्टी नाम पता बकरीदी पुत्र सफीउल्लाह निवासी खलीलाबाद थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः- उ0नि0 श्री इन्द्रभूषण, का0 जनार्दन।

शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 10 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना दुधारा पुलिस द्वारा 170/126/135 बीएनएसएस में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
थाना धनघटा पुलिस द्वारा 170/126/135 बीएनएसएस में 03 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा 170/126/135 बीएनएसएस में 05 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
थाना बखिरा पुलिस द्वारा 170/126/135 बीएनएसएस में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 81 वाहनों से 91,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनाँक 12.02.2026 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 81 वाहनों से 91,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।